# कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन, सुलतानपुर II की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की प्रथम बैठक की संक्षिप्त आख्या

आज दिनांक 30 जनवरी, 2020 को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की प्रथम बैठक का आयोजन प्रभारी कुलपति प्रोफेसर ए0पी0 राव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समिति के सम्मानित सदस्य, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मध्चारी एवं प्रगतिशील कृषक सम्मिलित हुए।

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. ए. पी. राव | प्रभारी कुलपति / निदेशक प्रसार | आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या |
| 2. | डा. शंकर सिंह | सलाहकार | भा.कृ.अनु.प.–अटारी, कानपुर जोन 3 |
| 3. | डा. डी.आर. विश्वकर्मा | जिला विकास अधिकारी | सुलतानपुर |
| 4. | डा. जे.बी. सिंह | वरिष्ठ वैज्ञनिक एवं अध्यक्ष | के.वी.के. सुलतानपुर प्रथम |
| 5. | श्री अशोक तिवारी | जिला विकास प्रबन्धक | सुलतानपुर |
| 6. | श्री सुनील कुमार | जिला गन्ना अधिकारी | गन्ना विभाग, सुलतानपुर |
| 7. | श्री रण विजय सिंह | जिला उद्यान अधिकारी | उद्यान विभाग, सुलतानपुर |
| 8. | श्री विनय कुमार वर्मा | जिला कृषि अधिकारी एवं पौध रक्षा अधिकारी | कृषि विभाग, सुलतानपुर |
| 9. | श्री जे.बी. सिंह | जिला मत्स्य अधिकारी | मत्स्य विभाग, सुलतानपुर |
| 10. | श्री अतुल प्रकाश | एस.सी.डी.आई | सी.डी.सी. सुलतानपुर |
| 11. | श्री जे.पी. श्रीवास्तव | जिला कृषि सलाहकार | कृषि विभाग, सुलतानपुर |
| 12. | श्री वी.एन. तिवारी | मत्स्य निरीक्षक | मत्स्य विभाग, सुलतानपुर |
| 13. | श्री सूर्यकांत त्रिपाठी | संयोजक | ओंकार सेवा संस्थान, सुलतानपुर |
| 14. | मो. सूहेल आलम | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 गौरा बरामऊ, बल्दीराय |
| 15. | मो. इमतियाज | पत्रकार | बल्दीराय, सुलतानपुर |
| 16. | श्री अशोक तिवारी | प्रधान, प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 बरासिन, कुड़वार, सुलतानपुर |
| 17, | श्री देवराज | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 बहुबरा, कुड़वार, सुलतानपुर |
| 18. | श्री राज मणि | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 खारा, धनपतगंज |
| 19. | श्री राज करन पाण्डेय | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 खारा, धनपतगंज |
| 20. | श्री सुरेश कुमार | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 बेलडाड़ी, लम्भुआ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21. | श्री राम सरन वर्मा | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 रसूलपुर, पारा बाजार |
| 22. | श्री राम मिलन यादव | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 मठा, कुड़वार, सुलतानपुर |
| 23. | श्री उदय राज | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 बसन्तपुर तिवारी, कुड़वार |
| 24. | श्री मूल चन्द मिश्रा | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 पूरे चेती दूबे. राम नगर |
| 25. | श्री मन्जीत | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 गोथुआ, लम्भुआ |
| 26. | श्री पारस नाथ यादव | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 करनपुर, लम्भुआ |
| 27. | श्री राम अचल यादव | प्रगतिशील कृषक | ग्रा0 गोसाईं, लम्भुआ |
| 28. | श्रीमती मालती | प्रगतिशील कृषक महिला | ग्रा0 मठा, कुड़वार, सुलतानपुर |
| 29. | श्रीमती कलावती | प्रगतिशील कृषक महिला | ग्रा0 मठा, कुड़वार, सुलतानपुर |
| 30. | श्री बब्बन वर्मा | पत्रकार, दैनिक जागरण | सुलतानपुर |
| 31. | श्री बाल गोविन्द मौर्य | पत्रकार, हिन्दुस्तान | सुलतानपुर |
| 32. | डॉ. सौरभ वर्मा | वि.व.वि. शस्य | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 33. | डॉ. डी.के. श्रीवास्तव | वि.व.वि. पशु पालन | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 34. | श्री गौरी शंकर | वि.व.वि. उद्यान | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 35. | ईजी. वरूण कुमार | वि.व.वि. कृषि अभियंत्रण | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 36. | डॉ. रेखा | वि.व.वि. कृषि प्रसार | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 37. | श्रीमती शशी प्रभा आनन | प्रोग्राम असिस्टेंट (कम्प्यूटर) | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 38. | श्री अनिल यादव | कार्यालय अधीक्षक | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 39. | कु. दीपिका विश्वकर्मा | स्टेनोग्राफर | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |
| 40. | डॉ. एस. के. वर्मा | वरिष्ठ वैज्ञनिक एवं अध्यक्ष/सचिव वैज्ञानिक सलाहकार समिति | के.वी.के. बरासिन, सुलतानपुर II |

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की प्रथम बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय प्रभारी कुलपति, प्रोफेसर डॉ0 ए0 पी0 राव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होनें अपने अध्यक्षीय संबोधन में वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि जनपद की समस्याओं, पर्यावरण संतुलन एवं कृषकों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुये खेती, फल–सब्जी, पशुपालन, मछली पालन, महिलाओं को कठिन परिश्रम से निजाद आदि पर कार्य योजना तैयार कर कार्यक्रमों को आयोजित करें। उन्होंने एक जिला–एक उत्पाद में चयनित मूॅज उत्पाद पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करने एवं मूॅज उत्पाद को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया।

कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ0 शंकर सिंह जी ने आगामी वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप जनपद के विकास विभागों से समन्वय स्थापित कर कृषक एवं कृषक महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह कृषि विज्ञान केन्द्र मात्र डेढ़ वर्ष में किसानों के हित में अनेक सराहनीय कार्य कर रहा है।

विशिष्ठ अतिथि डॉ0 डी0 आर0 विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी जी ने अपने संबोधन में एक जिला–एक उत्पाद मूँज आधारित कार्यक्रमों को आयोजित करने की सलाह दी साथ ही साथ जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केन्द्र से समन्वय स्थापित कर मूँज आधारित किसानोपयोगी कार्यक्रमों को आयोजित करें जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप 2022 तक किसानों की आय दोगुनी की जा सके।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 एस0 के0 वर्मा ने आये हुये आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्देश्य पर चर्चा करते हुये विगत वर्ष की प्रगति आख्या एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत की।

केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ0 सौरभ वर्मा ने शस्य अनुभाग, डॉ0 डी0के0 श्रीवास्तव ने पशु पालन अनुभाग, श्री गौरी शंकर ने उद्यान अनुभाग, ईजी0 वरूण कुमार ने कृषि अभियंत्रण अनुभाग एवं डॉ0 रेखा ने कृषि प्रसार अनुभाग की प्रगति आख्या एवं भावी कार्य योजना समिति के समक्ष विषयवार प्रस्तुत की। समिति के सदस्यों ने विस्तृत चर्चा करते हुए कार्य योजना में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

इस बैठक में उपस्थित जिला विकास प्रबन्धक श्री अशोक तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी श्री रण विजय सिंह, जिला गन्ना अधिकारी श्री सुनील कुमार, जिला मत्स्य अधिकारी श्री जे0 बी0 सिंह, जिला कृषि सलाहकार श्री जे0 पी0 श्रीवास्तव जी ने विभाग द्वारा संचालित किसानोपयोगी परियोजनाओं पर चर्चा की तथा कृषि

विज्ञान केन्द्र सुल्तानपुर प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 जे0बी0 सिंह ने केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में माननीय अध्यक्ष महोदय एवं माननीय सदस्यों ने निम्नलिखित सुझाव दियेः–

1. समस्त प्रथम पंक्ति प्रदर्शन नवीनतम प्रजातियों पर आयोजित कराये जाए। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ शस्य विज्ञान
2. प्रदर्शन हेतु बीजों का क्रय सीड हब में चयनित संस्थानों से नवीनतम प्रजातियों का ही किया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ शस्य विज्ञान
3. जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित कराया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ शस्य विज्ञान
4. पशु पालन से संबंधित आंकड़ो का संकलन कर आख्या तैयार कर संग्रहित की जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु पालन विज्ञान
5. कृमिनाशक दवा एवं आहार में खनिज लवण मिश्रण के प्रयोग पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित कराया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु पालन विज्ञान
6. पशु पालन विभाग से समन्वय स्थापित कर पशु स्वास्थ्य एवं टीका करण शिविर का आयोजन किया जाय तथा टीका करण के महत्व पर प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु पालन विज्ञान
7. कृषि यंत्रो से संबंधित आंकड़ो का संकलन कर आख्या तैयार कर संग्रहित की जाय तथा इन्ही के अनुरूप कार्ययोजना तैयार की जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण
8. कृषि में यंत्रो के प्रयोग एवं महत्व पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित कराया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण
9. फसल अवशेष प्रबन्धन में कृषि यंत्रो के प्रयोग पर प्रशिक्षण एवं कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित कराया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण

10. एक जनपद–एक उत्पाद के अंतर्गत मूँज उत्पाद पर जनपद के कृषक महिलाओं को प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के माध्यम द्वारा दक्षता हासिल करायी जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार
11. पोषण वाटिका के माध्यम से कृषक महिलाओं को प्रशिक्षित एवं प्रथम पंक्ति प्रदर्शनों के माध्यम से जागरूकता प्रदान की जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार
12. महिलाओं को कठिन परिश्रम से निजाद हेतु प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित कराये जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार
13. औद्यानिक फसलों में समन्वित जैविक तकनीकों का परीक्षण एवं प्रशिक्षण आयोजित कर कृषकों में जागरूकता लायी जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यान विभाग
14. बागवानी के साथ सहफसली खेती में कन्दीय फसलों को बढ़ावा दिया जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यान विभाग
15. आम की बाग में कीट शूट गाल शिला के प्रबन्धन पर परीक्षण एवं प्रशिक्षण आयोजित किये जाय। कार्यवाही – विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यान विभाग
16. पूर्व में स्थापित शेड नेट को व्यवस्थित कर पौधशाला विकसित किया जाय। कार्यवाही – प्रक्षेत्र प्रबन्धक
17. उन्नतशील बीजों का प्रक्षेत्र पर उत्पादन कर जनपद के कृषकों को सीधे वितरित कर लाभान्वित किया जाय। कार्यवाही – प्रक्षेत्र प्रबन्धक
18. प्रक्षेत्र के सूखे पेड़ो की नीलामी एवं पुराने पेड़ों का जीर्णोधार कराया जाय। कार्यवाही – प्रक्षेत्र प्रबन्धक
19. जनपद के विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर संचालित तकनीकियों की इकाई केन्द्र पर स्थापित करने का प्रयास किया जाय। कार्यवाही – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
20. केन्द्र के कार्यालय एवं प्रक्षेत्र का विद्युत कनेक्शन से जोड़ा जाय। कार्यवाही – वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष



अटारी, कानपुर के वैज्ञानिक एवं आचार्य नरेन्द्र देव के निदेशक प्रसार का स्वागत




प्रथम वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक (30 जनवरी, 2020)




वैज्ञानिक सलाहकार समिति में वैज्ञानिकों द्वारा किये गये कार्यो की प्रस्तुति




अटारी कानपुर के सलाहकार डा. शंकर सिंह द्वारा समिति के सदस्यों को सम्बोधन




निदेशक प्रसार, आचार्य नरेन्द्र देव विश्वविद्यालय डा. ए.पी. राव द्वारा समिति के सदस्यों को सम्बोधन




अधिकारियों द्वारा समिति के सदस्यों का परिचय एवं सम्मान



समिति के सदस्यों द्वारा केन्द्र के प्रक्षेत्र का भ्रमण



समिति के सदस्यों द्वारा केन्द्र पर स्थापित लो–टनल पालीहाउस एवं मौन पालन का अवलोकन



समिति के सदस्यों द्वारा केन्द्र पर जीरो टिलेज विधि से बोये गेहूँ के प्रक्षेत्र का भ्रमण




वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों का छायाचित्र